# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 03/2024

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित विद्यार्थियों के हित में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 आयोजित करने के सम्बंध में आवश्यक सूचना**

आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने के लिए जिन विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म किसी कारणवश उनके शिक्षण संस्थान द्वारा नहीं भरा जा सका है, वैसे विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

2. वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा का आयोजन माह अप्रैल, 2024 में करने तथा उसका परीक्षाफल माह मई, 2024 तक जारी करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि ये विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसी भी उच्चतर संस्थान में ससमय नामांकन ले सकें।

3. इस विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा की भांति ही श्रेणी (DIVISION) प्रदान किया जाएगा।

**सचिव**

Scanned with CamScanner